झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
वार्षिक इन्टरमीडिएट परीक्षा – 2024
मॉडल प्रश्न पत्र
Model Question Paper

कक्षा- 12 Class-12	विषय - अर्थशास्त्र Sub. - Economics	समय- 3 घंटे Time – 3 Hours	पूर्णांक- 80 Full Marks- 80

सामान्य निर्देश:-

- **परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें।**
  Candidates should answer in their own words as much as possible.
- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**
  All questions are compulsory.
- **कुल प्रश्नों की संख्या** 52 **है।**
  Total number of questions is 52.
- **प्रश्न** 1 **से** 30 **तक बहुविकल्पिय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन कीजिये। प्रत्येक प्रश्न के लिए** 01 **अंक निर्धारित है।**
  Question No. 01 to 30 are multiple choice questions, each question has four options. Select the correct option. Each question carries 01 mark.
- **प्रश्न संख्या** 31 **से** 38 **तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही** 6 **प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान** 2 **अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 31 to 38 are very short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any 6 questions. Each question carries 02 marks.
- **प्रश्न संख्या** 39 **से** 46 **तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। जिसमे से किन्ही** 6 **प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान** 3 **अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 39 to 46 are short answer questions. Out of which it is mandatory to answer any 6 questions. Each question carries 03 marks.
- **प्रश्न संख्या** 47 **से** 52 **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। किन्हीं** 4 **प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न का मान** 5 **अंक निर्धारित है।**
  Question numbers 47 to 52 are long answer questions. It is mandatory to answer any 4 questions. Each question carries 05 marks.

---

1. निम्नलिखित में से किस वक्र से संसाधनों के उत्तम विनिधान से दो वस्तुओं की अधिकतम संभावित उत्पाद संयोग को दर्शाया जा सकता है?
   Which of the following curve shows the maximum output combinations of two goods by using optimum allocation of resources?
   (a) समोत्पाद रेखा (Isoquants)
   (b) माँग वक्र (Demand Curve)
   (c) कुल उत्पाद वक्र(Total Output Curve)

(d) उत्पादन संभावना वक्र(Production Possibility Curve)

2. निम्न में से किस प्रश्न का संबंध व्यष्टि अर्थशास्त्र से है? कूटों का प्रयोग करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए।

Which of the following question/s is/are related to Microeconomics? Choose the correct option by using codes.

i. बाज़ार में किसी वस्तु की कीमत का निर्धारण कैसे होता है?
How is price of a goods determined in a market?

ii. देश में संसाधनों का विनिधान कैसे हो?
How should resources be allocated in a country?

iii. एक फर्म का कुल निर्गत स्तर क्या है?
What is the total output level of a firm?

iv. एक देश में वस्तुओं की कीमतें क्यों बढ़ती हैं?
Why do prices of goods rise in a country?

(a) i ,ii and iv (b) i, iii, and iv
(c) ii and iv (d) I and iii

3. निम्न में से किस इकाई में उपयोगिता को मापा जा सकता है?

In which of the following units Utility can be measured?

(a) किलोमीटर (Kilometres) (b) लीटर (Litre)
(c) ग्राम (Gram) (d) रुपया (Rupee)

4. यदि किसी वस्तु की माँग की कीमत लोच का मान 2 है तो उस वस्तु की माँग होगी-

If the elasticity of demand of a goods is 2 then the Demand of the goods will be-

(a) पूर्णतया लोचदार (Perfectly Elastic) (b) लोचदार (Elastic)
(c) शून्य लोचदार (Zero Elastic) (d) इकाई लोचदार (Unitary Elastic)

5. एक उपभोक्ता का अधिमान एकदिष्ट होता है। इस मान्यता के आधार पर एक उपभोक्ता दो वस्तुओं के निम्न बंडलों में से किन बंडलों पर उदासीन होगा?

The preference of a consumer is Monotonic. On the basis of this assumption a consumer will be indifferent on which of following bundles of two goods?

A (3, 4), B (6, 7), C (1, 2), D (5, 2)

(a) A and B (b) A and C
(c) A and D (d) B and D

6. निम्न में से पूरक वस्तुओं का एक उदाहरण है-

The example of complementary goods in the following -

(a) चाय और कॉफी (Tea and Coffee)

(b) कलम और स्याही (Pen and Ink)

(c) कलम और जूते (Pen and Shoes)

(d) रसगुल्ला और गुलाब-जामुन (Rasgulla and Gulab-Jamun)

7. सामान्यतः एक औसत उत्पाद वक्र का आकार होता है?

Generally, the shape of Average Product curve is -

(a) एक सरल रेखा (A straight Line) (b) 'U' आकार का ('U' shaped)

(c) अतिपरवलीय (Hyperbolic) (d) उल्टे 'U' आकार का।(Inverted 'U' shaped)

8. पैमाने का स्थिर प्रतिफल के उत्पादन फलन में यदि साधनों को दुगुना वृद्धि की जाती है तो उत्पादन में वृद्धि ---------- होगी।


In the Production function showing constant returns to scale, if the factors are increased twice then by how much the output will increase?

(a) 4 गुणा (4 times) (b) 1 गुणा (1 time)

(c) 2 गुणा (2 times) (d) 3 गुणा (3 times)

9. निम्नलिखित चित्र में आयत OABC का क्षेत्रफल क्या दर्शाता है।

What does the area of rectangle OABC show in the following figure?



(a)कुललागत(Total Cost) (b) औसत लागत (Average Cost)

(c) औसत स्थिर लागत (Average fixed Cost) (d) कुल स्थिर लागत(Total Fixed Cost)

10. पूर्णप्रतियोगी बाज़ार में फ़र्मों की संख्या होती है-

The number of firms in perfectly competitive Market is-

(a) 2 (b) 1

(c) अल्प (Some) (d) अत्यधिक (large number)

11. एक पूर्णप्रतियोगी फर्म के संतुलन की शर्त निम्न में से कौन-सी है?

Which of the following are the conditions of equilibrium of a perfectly competitively firm?)

(a) MR=MC तथा MR वक्र, MC वक्र को ऊपर से काटे

MR=MC and MR curve cuts MC curve from the above.

(b) MR=MC तथा MR वक्र, MC वक्र को नीचे से काटे

MR=MC and MR curve cuts MC curve from below.

(c) MR=MC तथा MC वक्र, MR वक्र को ऊपर से काटे

MR=MC and MC curve cuts MR curve from the above.

(d) MR=MC तथा MC वक्र, MR वक्र को नीचे से काटे

MR=MC and MC curve cuts MR curve from below.

12. एक फर्म के द्वारा वस्तु की कीमत में 10% की वृद्धि करने पर उसकी पूर्ति की मात्रा 15% बढ़ जाती है तो वस्तु की पूर्ति होगी-

If the quantity supplied is increased by 15% due to an increment of 10% in the price of goods by a firm, then the supply of goods will be-

(a) पूर्णतया लोचदार(Perfectly Elastic) (b) इकाई लोचदार (Unitary Elastic)

(c) शून्य लोचदार (Zero Elastic) (d) लोचदार (Elastic)

13. निम्नलिखित कथन और कारण के संबंध में कौन सा विकल्प सही है?

Which of the following options is correct regarding following assertion and reason?

कथन (A) : किसी वस्तु पर इकाई कर लगने से फर्म का पूर्ति वक्र बायीं ओर सरक जाता है।

Assertion (A): The supply curve of a firm shifts towards left due to imposition of unit tax on a goods.

कारण (R) : किसी वस्तु पर इकाई कर लगने से फर्म की सीमांत लागत बढ़ जाती है।

Reason (R): Marginal cost of a firm increases due to unit tax on goods.

(a) A सही है लेकिन R गलत है।

A is correct but R is incorrect.

(b) A गलत है लेकिन R सही है।

A is incorrect but R is correct.

(c) दोनों A और R सही है तथा R, की सही व्याख्या है।

Both A and R are correct and R is true explanation of A

(d) दोनों A और R सही है तथा R, की सही व्याख्या नहीं है।

Both A and R are correct and R is true explanation of A.

14. किसी वस्तु की माँग में वृद्धि होने से संतुलन कीमत पर क्या प्रभाव पड़ता है?

What is the effect of increase in demand for a goods on equilibrium price?

(a) संतुलन कीमत में वृद्धि होती है। (Equilibrium Price increases.)

(b) संतुलन कीमत में कमी होती है। (Equilibrium Price decreases.)

(c) संतुलन कीमत अपरिवर्तित रहती है। (Equilibrium Price remains unchanged.)

(d) संतुलन कीमत शून्य हो जाती है। ((Equilibrium Price becomes Zero).)

15. बाज़ार में माँग आधिक्य की स्थिति कब उत्पन्न होती है? जब-

When will the situation of excess demand rise? When-

(a) D = S (b) S>D

(c) D>S (d) D-S = 0

16. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

Which of the following statement about capitalist economy?

(a) उत्पादन के साधनों पर निजी स्वामित्व (Private ownership on factors of production)

(b) उत्पादन का उद्देश्य जन कल्याण (The objectives of production is human welfare)

(c) सरकार का पूर्ण हस्तक्षेप (Total interference of government)

(d) श्रमिकों की सेवा का क्रय-विक्रय संभव नहीं (There is no possibility of trade of services of labourers)

17. मान लिया जाए एक देश में 2 लाख व्यक्ति रोजगार में संलग्न हैं तथा 10 हजार व्यक्ति कार्य करने को इच्छुक हैं लेकिन उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है तो देश में बेरोजगारी की दर क्या होगी?

Let's assume that in a country, there are 2 lakh people are employed and 10 thousand people are willing to work but they don't get any, then what will be the unemployment rate in the country?

(a) 2% (b) 10%

(c) 5% (d) 20%

18. अर्थशास्त्र की भाषा में निवेश शब्द से क्या अभिप्राय है?

What does the term Investment mean in the context of Economics?

(a) शेयर का क्रय (Purchasing of shares)

(b) जमीन का क्रय (Purchasing of land)

(c) बीमा योजना में मुद्रा खर्च करना (Spending the money in Insurance plan)

(d) पूँजीगत वस्तुओं के स्टॉक में वृद्धि (An increment in stocks of capital goods)

19. आय के चक्रीय प्रवाह के दो क्षेत्रक मॉडल में कारक सेवाओं का प्रवाह किस दिशा होता है?

In which direction the flow of factors' services take place in two-sectors model of circular flow of income?

(a) फर्म से फर्म की ओर (From firm to firm)

(b) परिवार से फर्म की ओर(From household to firm)

(c) परिवार से परिवार की ओर(From household to household)

(d) फर्म से परिवार की ओर (From firm to household)

20. सरकार द्वारा भुगतान की गई वृद्धा पेंशन की राशि निम्नलिखित में से किस समुच्चय का एक भाग होती है?

The old aged pension paid by the government is the part of which of the following aggregates?

(a) GDP (b) GNP

(c) राष्ट्रीय आय (National Income) (d) वैयक्तिक आय (Personal Income)

21. निम्नलिखित में से विनिमय का एक सर्वमान्य माध्यम कौन सा है?

Which of the following is the universally accepted medium of exchange?

(a) चेकबुक (Cheque Book) (b) बंधपत्र (Bond-Paper)

(c) डिमांड ड्राफ्ट (Demand Draft) (d) मुद्रा (Money)

22. ब्याज दर में वृद्धि का मुद्रा की नकदी माँग में क्या प्रभाव होता है?

What is the effect of increment in rate of interest on cash demand for money?

(a) मुद्रा की नकदी माँग में वृद्धि होती है (Cash demand for money increases)

(b) मुद्रा की नकदी माँग में कमी होती है।(Cash demand for money decreases)

(c) मुद्रा की नकदी माँग अपरिवर्तित रहती है(Cash demand for money remains unchanged)

(d) मुद्रा की नकदी माँग शून्य हो जाती है (Cash demand for money becomes zero)

23. अर्थव्यवस्था में मुद्रा की पूर्ति को बढ़ाने के लिए एक केन्द्रीय बैंक के द्वारा अपनाए गए निम्न उपाय हैं। निम्न कूटों का प्रयोग करते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए।

following are the methods adopted by the central bank to increase the supply of money in an economy. Choose the correct options by using following codes.

a. बैंक दर में कमी (Decrease in bank rate)

b. प्रतिभूतियों की बिक्री (Selling of securities)

c. कोष अनुपात में कमी (Decrease in reserve ratios)

(a) a and b (b) b and c

(c) a and c (d) a, b and c

24. निम्नलिखित में से किस कर को कागजी कर कहा जाता है?
Which of the following is known as paper tax?

(a) आयकर (Income Tax) (b) निगम कर (Corporation Tax)

(c) संपत्ति कर (Wealth Tax) (d) सीमा शुल्क (Custom Duty)

25. निम्नलिखित में से प्रत्यक्ष कर का एक उदाहरण कौन सा है?
Which of the following is an example of direct tax?

(a) उत्पादन कर (Excise Duty) (b) उत्पाद कर (Output Tax)

(c) निगम कर (Corporation Tax) (d) सेवा कर (Service Tax)

26. यदि आय में परिवर्तन से उपभोक्ता का उपभोग व्यय अपरिवर्तित रहता है तो इस स्थिति में MPC का मान क्या होगा?
If the consumption expenditure of consumers remains unchanged due to change in income, then what will be the value of MPC?

(a) 1 से अधिक (Greater than 1) (b) 1

(c) 0 (d) 0 से कम (Less than 0)

27. निम्न में से समग्र माँग का एक घटक नहीं है-
Which of the following is not a component of aggregate demand?

(a) उपभोग व्यय (consumption expenditure)

(b) निवेश व्यय (Investment Expenditure)

(c) निवल निर्यात (Net Export)

(d) वित्तीय परिसंपत्तियों पर व्यय (Expenditure on financial assets)

28. कुल निर्गत में परिवर्तन तथा स्वायत निवेश में परिवर्तन का अनुपात क्या कहलाता है?
What the ratio of change in autonomous investment and change in total output is called?

(a) सीमांत की उपभोग प्रवृत्ति (Marginal propensity to consume)

(b) बचत की औसत प्रवृत्ति (Average propensity to save)

(c) गुणक (Multiplier)

(d) सीमांत की औसत प्रवृत्ति (Average propensity to consume)

29. विदेशी विनिमय दर क्या है?
What is foreign exchange rate?

(a) वस्तु की वस्तु में कीमत (Price of goods in term of goods)

(b) वस्तु की मुद्रा में कीमत (Price of goods in terms of money)

(c) मुद्रा की वस्तु में कीमत (Price of money in terms of goods)

(d) देशी मुद्रा की विदेशी मुद्रा में कीमत (Price of domestic currency in terms of foreign currency)

30. वस्तुओं एवं सेवाओं के अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन के संतुलन को क्या कहा जाता है?
What is the balance of international transactions of goods and services called?

(a) बाज़ार संतुलन (Market equilibrium) (b) उपभोक्ता संतुलन(Consumer's equilibrium

(c) व्यापार संतुलन (Balance of trade) (d) भुगतान संतुलन(Balance of payments)

अति-लघूत्तरीय प्रश्न (2 अंकीय)

Very short type Question (2 marks)

निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Answer any six from the following questions.

31. अवसर लागत, उत्पादन संभावना वक्र को कैसे प्रभावित करती है?
How does opportunity cost affect production possibility curve?
32. 'उपभोक्ता का अधिमान एकदिष्ट होता है।' इस कथन से क्या तात्पर्य है?
'Consumer's preference is monotonic.' What does this statement mean?
33. यदि किसी वस्तु की कीमत में 5% की कमी करने से उसकी माँग मात्रा में 8% की वृद्धि हो जाती है तो वस्तु की माँग की कीमत लोच ज्ञात कीजिए।
If quantity demanded of a goods increases by 8% due to fall in price by 5%, then calculate the price elasticity of demand.
34. सीमांत लागत और औसत लागत को परिभाषित कीजिए।
Define the terms marginal cost and Average cost.
35. समष्टि अर्थशास्त्र की दृष्टि से अर्थव्यवस्था के चार क्षेत्रकों के नाम लिखिए।
According to Macroeconomics what are the four sectors of an economy?
36. वर्तमान समय में डिजिटल विनिमय के किन्हीं चार साधनों को लिखिए।
Write any four means of digital transactions at present time.
37. खुली अर्थव्यवस्था से आप क्या समझते हैं?
What do you mean by an open economy?
38. सरकारी बजट को परिभाषित कीजिए
Define Government Budget.

लघूत्तरीय प्रश्न (3 अंकीय)

Short answer type questions (3 marks)

निम्नलिखित में से किन्हीं छः प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

Answer any six from the following questions.

39. सीमांत उपयोगिता किसे कहते हैं? रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए कि जब सीमांत उपयोगिता शून्य होती है तब कुल उपयोगिता अधिकतम होती है।

    What is marginal utility? Illustrate with diagram that Total utility is maximum when marginal utility is zero.

40. यदि एक फर्म का उत्पादन फलन $Q = L^{0.5}K^{0.5}$ है। तो श्रम(L) की 36 तथा पूँजी (K) की 49 इकाई के नियोजन से वस्तु की कितनी इकाई का अधिकतम उत्पादन संभव है?

    If the production function of a firm is $Q = L^{0.5}K^{0.5}$. then what will be the possible maximum output by employment of 36 units of labour(L) and 49 units of capital (K)?

41. बाजार संतुलन से आप क्या समझते हैं? रेखाचित्र से स्पष्ट कीजिए।

    What do mean by market equilibrium? Illustrate with diagram.

42. किसी वस्तु की पूर्ति को प्रभावित करने वाले किन्हीं तीन कारकों की व्याख्या कीजिए।

    Explain any three factors affecting the supply of a goods.

43. सकल घरेलू उत्पाद को परिभाषित कीजिए। यह सकल राष्ट्रीय उत्पाद से किस प्रकार संबंधित है?

    Define Gross Domestic Product. How it is related to Gross National Product?

44. 'आवश्यकता के दोहरे संयोग' की समस्या को मुद्रा किस प्रकार दूर करती है? उदाहरण से स्पष्ट कीजिए।

    How does money solve the problem of 'Double coincidence of wants? Illustrate with an example?

45. सरकारी बजट के उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए।

    Describe the objectives of Government budget.

46. यदि अर्थव्यवस्था में स्वायत व्यय(स्वायत उपभोग एवं स्वायत निवेश) (A) 40 करोड़ रुपये, उपभोग की सीमांत प्रवृत्ति 0.6 तथा आय (Y) का स्तर 1000 करोड़ रुपये हैं तो समग्र माँग की गणना कीजिए। क्या अर्थव्यवस्था संतुलन में है? स्पष्ट कीजिए।

    If the autonomous expenditure (autonomous and autonomous investment) (A), marginal propensity to consume (MPC) and the Level of income(Y) are ₹40 crore, 0.6 and ₹1000 crore respectively. Calculate the value of aggregate demand. Is economy in equilibrium? Explain.

दीर्घउत्तरीय प्रश्न (5 अंकीय)

Long answer type questions. (5 Marks)

निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Answer any four from the following questions.

47. माँग की कीमत लोच को परिभाषित कीजिए। माँग की कीमत लोच को (a) प्रतिस्थापक वस्तु की उपलब्धता तथा (b) वस्तु के वैकल्पिक प्रयोग, किस प्रकार प्रभावित करते हैं? स्पष्ट कीजिए।

    Define Price elasticity of demand? How (a) availability of substitutes of a goods and (b) alternative use of goods, affect the price elasticity of demand? Explain.

48. पैमाने का प्रतिफल से आप क्या समझते हैं? एक उदाहरण से स्पष्ट कीजिए कि एक उत्पादन फलन पैमाने का स्थिर प्रतिफल तथा पैमाने का वर्धमान प्रतिफल को कब संतुष्ट करता है?

    What do you mean by returns to scale? When does a production function show constant returns to scale and increasing returns to scale? Illustrate with examples.

49. मान लीजिए एक बाज़ार में दो फ़र्में हैं। फर्म 1 का पूर्ति वक्र S_1= -3 + P (P≥ 3) =0 (P< 3)

तथा फर्म2 का पूर्ति वक्र S_2= -10 + 2P (P≥ 5) =0 (P< 5) तो बाजार पूर्ति वक्र ज्ञात कीजिए।

Let us assume there are two firms in a market. The supply curve of firm-1 is S_1= -3 + P (P≥ 3) =0 (P< 3) and The supply curve of Firm-2 is S_2= -10 + 2P (P≥ 5) =0 (P< 5), then find the market supply curve?

50. क्या GDP कल्याण का सूचक है? स्पष्ट कीजिए।
Is GDP an indicator of welfare? Explain.

51. समग्र माँग से आप क्या समझते हैं? समग्र माँग के विभिन्न घटकों की व्याख्या कीजिए।
What do you mean by aggregate demand? Explain its various components.

52. केन्द्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में साख पर नियंत्रण किस प्रकार करता है? व्याख्या कीजिए।
How does central bank control over credit in an economy? Explain.

Answer of MCQ

प्रश्न	उत्तर	प्रश्न	उत्तर
1	d	16	a
2	d	17	c
3	d	18	d
4	b	19	b
5	c	20	d
6	b	21	d
7	d	22	b
8	c	23	c
9	d	24	c
10	d	25	c
11	d	26	c
12	d	27	d
13	c	28	c
14	a	29	d
15	c	30	c